विधानसभा स्पीकर प्रेमचंद अग्रवाल वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने अयोध्या में रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन किए

**संवाददाता** देहरादून/अयोध्या। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अयोध्या पहुंचकर रामजन्मभूमि में विराजमान रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन कर उत्तराखण्ड राज्य की खुशहाली की प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने राम मंदिर निर्माण कार्य का अवलोकन किया और साधू संतों का आशीर्वाद भी लिया। राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने के बाद पुष्कर सिंह धामी उत्तराखण्ड के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अयोध्या 2 दिन के दौरे पर हैं। अपराह्न लगभग 3 बजे श्री धामी अयोध्या के नाका एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उन्हें उत्तरप्रदेश पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

### उत्तराखंड में मिले छह कोरोना संक्रमित, आठ जिलों में एक भी मामला नहीं

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में लगातार कमी आ रही है, जिससे राहत महसूस की जा रही है। 16 अक्टूबर को प्रदेश में आठ नए मामले सामने आए हैं। इनमें सबसे ज्यादा मामले देहरादून में सामने आए हैं। यहां तीन में संक्रमण की पुष्टि हुई है। वहीं, छह संक्रमित स्वस्थ हुए हैं। वर्तमान में 177 एक्टिव केस हैं। स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक मिली 11391 सैंपल की रिपोर्ट नेगेटिव आई है, जबकि आठ में संक्रमण की पुष्टि हुई है।

### स्पीकर अग्रवाल ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

**संवाददाता** ऋषिकेश। हरिद्वार मार्ग पर काले की ढाल के समीप प्रस्तावित संजय झील के सौंदर्यीकरण को लेकर विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने वन विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान श्री अग्रवाल ने ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वन क्षेत्र से सटे संपर्क मार्गों का कैंपा योजना के माध्यम से निर्माण किए जाने के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

### कोविड रोकथाम के लिये स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। कासा संस्था के द्वारा उत्तरकाशी में ग्रामीण स्तर पर कोविड–19 की रोकथाम के लिये बेयरफुट (स्वास्थ्य कार्यकर्ता) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण मे डा0 अन्वेष सेमवाल ने विभिन्न गांवों से आये प्रतिभागियों को कोविड–19 से बचाव व संक्रमित लोगों की पहचान के बारे में जानकारी दी। उन्होनें कहा की कोविड को हराने के लिये हर व्यक्ति को स्वास्थ्य कार्यकर्ता बनना पड़ेगा।

# अंत्योदय की भावना के साथ काम कर रही सरकारः सीएम

■ सीएम ने उत्तराखण्ड जन विकास समिति के ''पहल 2021'' अधिवेशन का किया शुभारम्भ

**शुभारम्भ**

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी सभागार में उत्तराखण्ड जन विकास समिति के ''पहल 2021'' अधिवेशन का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड जन विकास समिति द्वारा राज्य में अनेक पहल की जा रही है, यह सराहनीय प्रयास है। समितियों एवं संस्थाओं के माध्यम से अनेक कार्य किये जा सकते हैं। समिति द्वारा समूह में कार्य करने वाले अनेक लोगों को अपने साथ जोड़ा है, यह एक अच्छा प्रयास है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश के समग्र विकास के लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए कार्य किये जा रहे हैं। अंतिम पंक्ति पर खड़े लोगों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने के प्रयास किये जा रहे हैं। सबके विकास से ही प्रदेश का समग्र विकास संभव है। कोविड के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में अनेक लोगों को कार्य में परेशानी का सामना करना पड़ा। विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावित होने वाले लोगों को राज्य सरकार द्वारा राहत पैकेज दिये गये हैं। स्वास्थ्य, पर्यटन एवं परिवहन और स्वयं सहायता समूहों के लिए आर्थिक पैकेज दिये गये हैं। कोरोना काल में फ्रन्टलाईन वर्कर को भी प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखण्ड को 2025 तक हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य दिया है। इस दिशा में राज्य सरकार तेजी से प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक स्तर पर अलग पहचान मिली है। केन्द्र सरकार से उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में मदद मिल रही है। सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ी है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तराखंड जन विकास सहकारी समिति के अध्यक्ष संजय उनियाल ने कहा" 'एक बेहतर, सुरक्षित और समृद्ध उत्तराखंड के लिए उत्तराखंड जन विकास सहकारी समिति ने 'उत्तराखंड बचाओ अभियान' की शुरुआत की है। जिसके तहत उत्तराखंड के दूरदराज के गांवों में बसने वाले लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उत्तराखंड जन विकास सहकारी समिति के महासचिव जगदीश भट्ट ने कहा ' समिति उत्तराखंड में लघु एवं कुटीर उद्योगों को विश्व स्तर पर ले जाना चाहता हैं। उत्तराखंड के लिए यह लघु एवं कुटीर उद्योग स्वरोजगार का एक व्यापक व्यवस्था बन सकता है जिसके अंतर्गत हम लाखों लोगों को स्वरोजगार मुहैया करा सकते हैं। उत्तराखंड रत्न सम्मान प्राप्त करने वालों में नरेंद्र सिंह मेहरा, लता बोरा, पुष्पा पढालनी, बसंत पांडे, माया नेगी, नीलम नीलकंठ, डॉक्टर किशन राणा, रमाकांत, इंदु करासी, अजय पंवार, बलवंत सिंह रौथान, रवि डबराल, बस्बा नंद बलोदी, विभु कृष्णा एवं चंदन सिंह शामिल थे। कार्यक्रम में कर्नल अश्वनी पुंडीर, एडिशनल सीईओ, उत्तराखंड पर्यटन भी मौजुद रहे। उत्तराखंड जन विकास सहकारी समिति के ओर से तारा दत्त शर्मा 'ज्वाइंट सेक्रेट्री', जयदेव कैंथोला 'जॉइंट सेक्रेटरी,' तारा दत्त भट्ट 'ट्रेजरार', गिरिजा किशोर पांडे 'ज्वाइंट सेक्रेट्री', बसंत पांडे 'एडवाइजर' महेश भट्ट एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।



*केन्द्र सरकार से उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में मदद मिल रही है। सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ी है।*

पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री।

# द हंस फाउण्डेशन डायलिसिस केन्द्र का सीएम ने किया लोकार्पण

**शुभकामनाएं**

■ मुख्यमंत्री ने माता मंगला को जन्मोत्सव की दी बधाई

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मोहकमपुर देहरादून में द हंस फाउण्डेशन डायलिसिस केन्द्र का लोकार्पण किया। माता मंगला जी के जन्मोत्सव के अवसर पर हंस फाउण्डेशन के संस्थापक भोले जी महाराज और माता मंगला जी ने प्रदेश को 14 डायलिसिस केन्द्रों एवं 13 सचल चिकित्सालयों की सौगात दी।

मुख्यमंत्री ने माता मंगला जी को जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना की। उन्होंने कहा कि माता मंगला जी और भोले जी महाराज ने अपना पूरा जीवन परमार्थ के लिए लिए समर्पित किया है। उनके लिए नर सेवा ही नारायण सेवा है। उत्तराखण्ड ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण देश में उनके द्वारा जन सेवा के लिए अनेक कार्य किये जा रहे हैं। माता मंगला जी के जन्मोत्सव के अवसर पर हंस फाउण्डेशन द्वारा उत्तराखण्ड को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी सौगात दी गई है। इसके लिए उन्होंने श्री भोले जी महाराज एवं माता मंगला का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल के दौरान माता मंगला जी एवं श्री भोले जी महाराज जी ने हंस फाउण्डेशन के माध्यम से अनेक सेवा के कार्य किये। स्वास्थ्य सुविधाओं एवं खाद्यान्न वितरण कर जन सेवा की गई। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने माता मंगला जी को जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हंस फाउण्डेशन के संस्थापक भोले जी महाराज एवं माता मंगला ने उत्तराखण्ड के लिए समय–समय पर अनेक सौगात दी हैं। आज स्वास्थ्य के क्षेत्र में उन्होंने डायलिसिस केन्द्रों एवं सचल चिकित्सालयों की बड़ी सौगात दी है। 12 दूरस्थ डिग्री कॉलेजों के लिए भी उन्होंने एक लाख किताबें दी हैं। माता मंगला जी ने कहा, मेरी भगवान से प्रार्थना है कि मुझे जितना भी समय मिले, मैं जन सेवा कर सकूं। जन समस्याओं के समाधान के लिए हम सभी को प्रयास करने होंगे।



### सूबेदार अजय रौतेला के शहीद होने पर शोक व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। जम्मू–कश्मीर के पुंछ में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में उत्तराखंड का एक और लाल शहीद हो गया है। टिहरी जिले के नरेंद्र नगर ब्लॉक के रामपुर खेड़ी गांव निवासी सूबेदार अजय रौतेला के शहीद होने की खबर प्राप्त हुई है। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने सूबेदार अजय रौतेला की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। विधानसभा अध्यक्ष ने शहीद की आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए उनके शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड के जवानों ने अपने प्राणों की चिंता किए बिना देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च न्योछावर किया है, शहीद हुए जवानों के बलिदान को जाया नहीं होने दिया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखंड सरकार हर तरह से शहीद के परिजनों के साथ हैं।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+
Scan This Code
Read News
Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।